**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 17 जुलाई 2026, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार:**

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज जींद रेलवे स्टेशन पर भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

2. श्री मोदी ने जींद के एकलव्य स्टेडियम से प्रदेश में लगभग 14,700 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

3. प्रधानमंत्री ने हाइड्रोजन ट्रेन को रेलवे की बड़ी उपलब्धि बताया।

4. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा को देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन देने के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया।

5. श्री नरेंद्र मोदी ने चंडीगढ़ में स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और बुनियादी ढांचे से संबंधित लगभग 4700 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास किया।

**************************************************************
**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज जींद रेलवे स्टेशन पर जींद और सोनीपत के बीच चलने वाली भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों  में जर्मनी, चीन , जापान और अमेरिका में शामिल हो गया जहां पहले से साफ और हरित तकनीक वाली हाइड्रोजन ट्रेन चलती हैं।
जींद-सोनीपत खंड पर 75 किलोमीटर प्रति घंटे की परिचालन गति और 110 किलोमीटर प्रति घंटे की डिजाइन गति के साथ यह ट्रेन पूरी तरह सुरक्षित है।

हमारे संवाददाता अश्विनी कुमार शर्मा ने बताया है स्वदेशी तकनीक का उपयोग करके विकसित की गई यह तीन हज़ार 200 हॉर्सपावर की क्षमता वाली ट्रेन दुनिया की सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेन में से एक है। इसमें रेल संचालन के दौरान कार्बन उत्सर्जन शून्य होता है।

भारत की इस दस कोच वाली ट्रेन की क्षमता लगभग 2 हज़ार 600 यात्रियों को ले जाने की है। जींद से सोनीपत के बीच यह ट्रेन कुल 12 स्टेशनों पर रुकेगी और लगभग 2 घंटे में अपना सफर पूरा करेगी। 10 कोच वाली इस ट्रेन में ऑटोमैटिक दरवाजे, आरामदायक सीटें और एयर कंडीशनिंग की सुविधा उपलब्ध है। इसका किराया आम यात्री गाड़ियों के समान ही रखा गया है|

****************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज जींद के एकलव्य स्टेडियम से प्रदेश में लगभग 14,700 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन किया और उनकी आधारशिला रखी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी उनके साथ मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री ने हरियाणा में 12,470 करोड़ रुपये से ज़्यादा की लागत वाली राष्ट्रीय मुख्य मार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

जिन परियोजनाओं को उन्होंने देश को समर्पित किया, उनमें लगभग 9,680 करोड़ रुपये की लागत से बना 157किलोमीटर 92 मीटर लंबा, चार-मार्गीय और पूरी तरह से एक्सेस-कंट्रोल्ड दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे शामिल है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय मुख्य मार्ग-सात और राष्ट्रीय मुख्य मार्ग- 344 पर 33 किलोमीटर 81 मीटर लंबे, चार मार्गीय और आंशिक रूप से एक्सेस-कंट्रोल्ड अंबाला-काला अंब हाईवे को भी देश को समर्पित किया। देश को राष्ट्रीय राज मार्ग - 352A पर बना 40 किलोमीटर 60 मीटर लंबा जींद-गोहाना ग्रीनफील्ड हाईवे भी समर्पित किया गया। प्रधानमंत्री ने कुरुक्षेत्र में एलिवेटेड रेलवे ट्रैक भी देश को समर्पित किया और कुरुक्षेत्र में सिख संग्रहालय की आधारशिला रखी।

उन्होंने 24 किलोमीटर 27 मीटर लंबे हांसी-बरवाला ब्राउनफील्ड मुख्य मार्ग परियोजना की आधारशिला भी रखी।

************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज जींद से हरियाणा में 14 हजार 700 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद जन समूह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं में भिवानी व महेंद्रगढ़ के कोरियावास का मेडिकल कॉलेज शामिल है।

श्री मोदी ने कहा कि देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन रेलवे की बढ़ी उपलब्धि है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जींद का नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया है। यहाँ से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन देश को मिली है।

************************************************************************

केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत की पहली हाइड्रोजन-चालित ट्रेन के शुभारंभ को देश की तकनीकी प्रगति में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। श्री वैष्णव ने कहा कि यह उपलब्धि स्वदेशी हाइड्रोजन प्रौद्योगिकी के विकास के लिए दृढ़ राष्ट्रीय संकल्प का परिणाम है। ट्रेन के लिए जींद में हाइड्रोजन संयंत्र लगाया गया है।

*जींद में हाइड्रोजन बनाने का प्लांट लगाया गया है। उस हाइड्रोजन से बिजली बनती है और उस बिजली से ट्रेन चलती है। कोई धुंआ नहीं, कोई पेट्रोल या डीजल की रिक्वायरमेंट नहीं, एकदम साफ-स्वच्छ और निकलता है पानी की बूंदे। मैं इस बड़ी उपलब्धि के लिए भारत के नेतृत्व को, माननीय प्रधानमंत्री जी को और भारत के इंजीनियर्स की टैक्निकल क्षमता को सेल्यूट करता हूं।*

************************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज जींद रैली में, हरियाणा को देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है।मुख्यमंत्री ने श्री मोदी को मुखातिब होते हुए कहा -

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का भारत मोदी जी के नेतृत्व में नई बुलंदियों को छू रहा है।

************************************************************
**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और बुनियादी ढांचे से संबंधित लगभग 4700 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उद्घाटन किया।

पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज चंडीगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में श्री मोदी ने 505 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित उन्नत मां और बाल देखभाल केंद्र और 440 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित उन्नत तंत्रिका विज्ञान केंद्र राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ 259 बिस्तरों वाले क्रिटिकल केयर ब्लॉक की आधारशिला भी रखी।
प्रधानमंत्री ने जीरकपुर-कुराली ग्रीनफील्ड राजमार्ग को भी राष्ट्र को समर्पित किया और जीरकपुर बाईपास और चंडीगढ़ एयरपोर्ट एयरोसिटी ग्रीनफील्ड राजमार्ग की आधारशिला रखी।
उन्होंने पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज और गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ सेक्टर 46 में छात्रावास ब्लॉकों का भी उद्घाटन किया, साथ ही पंजाब विश्वविद्यालय में एक नए बहुउद्देशीय सभागार का भी उद्घाटन किया।
जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्नत तंत्रिका विज्ञान केंद्र, उन्नत मातृ और बाल देखभाल केंद्र और पीजीआई में क्रिटिकल केयर अस्पताल ब्लॉक के विस्तार से लाखों लोगों के लिए उपचार सुविधाओं में सुधार होगा।

उन्होंने कहा कि पीजीआई में जल्द ही मेडिकल कॉलेज भी खुलने जा रहा है।

*************************************************************

**********